SHRI SITARAM YECHURY: But, Sir, the procedure is very clear. If you have given the permission to somebody to speak, ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Every Member knows about it, but still they do it.

SHRI SITARAM YECHURY: No; unless Mr. Amar Singh yields, nobody else can intervene.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is not going on record. But still they disturb it.

SHRI S.S AHLUWALIA: You tell him to speak on the subject. There are two Bills. ...*(Interruptions)*... You speak on the subject. You are a lawmaker. ...*(Interruptions)*...You are a law-maker. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ahluwalia, please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI SITARAM YECHURY: When I spoke, I spoke on the two Bills. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: You spoke on the Bills. He should also speak on the Bills. Why is he not speaking on the Sections of these Bills? ...*(Interruptions)*... Let him speak on that. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ahluwalia, you should speak on the Bill. ...*(Interruptions)*... Why are you addressing it to him? ...*(Interruptions)*...

श्री एस. एस. अहलुवालिया: सर, मेरा एक submission सुन लीजिए, यह बात मैं पहले से भी कह रहा हूँ, जिस दिन इसकी चर्चा हुई थी कि इस पर discussion होगी, तब मैंने कहा था कि भाई हम चर्चा करना चाहते हैं, we are law maker, we have to make a fruitful law. उसे पास करने के लिए हम legislation पर discuss करेंगे। किसी ने कहा कि साहब, संसद पर हमला हुआ था ...**(व्यवधान)**..., ऐसा क्यों किया। मैंने कहा कि देखिए, अगर संसद की तरफ जाएंगे ...**(व्यवधान)**... ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: यह क्या बात है ...**(व्यवधान)**... । No, no; this is not allowed. Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*...

श्री एस. एस. अहलुवालिया : *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ahluwalia, please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; this also will not go on record. ...*(Interruptions)*... Nothing will go on record. ...*(Interruptions)*...

अहलुवालिया जी, आप बैठिए ..(व्यवधान)..।

SHRI S.S. AHLUWALIA: What is this, Sir? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ahluwalia, please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: What is this, Sir? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ahluwalia, please sit down. ...*(Interruptions)*...

SHRI SITARAM YECHURY: *

SHRI S.S. AHLUWALIA: *

---

*Not recorded.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am sorry......*(Interruptions)*... I am sorry that the Members are taking.......*(Interruptions)*... यह क्या हो रहा है ...**(व्यवधान)**... I

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सर, माननीय सदस्य बिल पर बोले ...**(व्यवधान)**... I

श्री उपसभापति: क्या बोलना है, यह मैं भी नहीं बोल सकता हूँ, आप rules बताइए ...**(व्यवधान)**... I I will definitely apply the rules. ....*(Interruptions)*...

श्री अमर सिंह: मैं बिल पर ही बोल रहा हूँ ...**(व्यवधान)**... I

श्री उपसभापति: आप बैठिए ...**(व्यवधान)**... I अगर कोई पोटा के ऊपर बोलता है और वह पोटा का experience बताता है, तो आप कहते हैं कि यह नहीं बोलना है, यह क्या बात है ..(व्यवधान)..I Everybody has a right to speak. ...(Interruptions)... आप बैठिए ..(व्यवधान)..I Don't defend him. ...(Interruptions)...

श्री अमर सिंह: महोदय, श्री एस.एस. अहलुवालिया जी मेरे दोस्त हैं, इसलिए मैं yield कर गया और अगर मुळो पता चलता कि ये दोस्ती निभाएंगे, तो मैं yield नहीं करता। दूसरी बात मैं यह बताना चाहता हूँ कि अब मैं श्री अरुण जेटली जी को कभी embarrass नहीं करुंगा ...**(व्यवधान)**... I

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In this, everybody takes time. ...*(Interruptions)*... And they are encroaching upon others' time.

श्री अमर सिंह: महोदय, समय नहीं है, इसलिए मैं अपनी बात जल्दी ही समाप्त कर रहा हूँ। मैं यह कहना चाहता हूँ कि मैंने श्री अन्तुले जी के बयान का समर्थन नहीं किया और न ही श्री राम जेठमलानी जी की तरह पाकिस्तान टी.वी. को, जैसा वे कह रहे हैं, कोई बयान दिया है। मैं सिर्फ इतना ही कह रहा हूँ कि शहीद की शहादत सदा स्थाई होती है। एक दिन बाद जिस शहीद की शहादत के लिए कोई बड़ा नेता एक करोड़ रुपए का पुरस्कार देता है, उसी शहीद के बारे में उसके जीवन काल में महाराष्ट्र बंद का नारा देता है, मैं यही बिन्दु कह रहा था। इस गंभीर मसले की चर्चा की रूपरेखा का निर्धारण श्री अरुण जेटली जी ने किया है। श्री अरुण जेटली जी ने अपने बहुत सारगर्भित व्याख्यान में इस बिल का समर्थन करने के साथ-साथ इस बात की भी चिंता दिखाई और इस बात की व्यग्रता दिखाई कि इसका श्रेय भारतीय जनता पार्टी और एनडीए को मिले और यूपीए discredit हो।

महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि मैं साढ़े चार साल तक बड़ी बुरी तरह से यूपीए से लड़ता रहा हूँ, उनसे हमारी कोई मित्रता नहीं रही और आज हमारे ऊपर खड़े होकर श्री अन्तुले साहब के बयान के साथ मेरा बयान जोड़ दिया गया, जब कि मैंने ऐसा कुछ भी नहीं कहा है और न अब कह रहा हूँ, बल्कि मैंने कल गृह मंत्री जी द्वारा दिए गए बयान पर, जिसमें श्री एम.सी. शर्मा जी का जिक्र इसी आतंकवाद के प्रश्न के उत्तर में किया था, उसमें आपके माध्यम से मैंने इस मंच को अपने स्पष्टीकरण के लिए इस्तेमाल किया है, क्योंकि गृह मंत्री जी का यह बयान था कि पुलिस फोर्स को demoralise मत कीजिए। हमारा भी अरुण जेटली जी से आग्रह है, प्यारे दोस्त अहलुवालिया जी से भी आग्रह है कि कभी-कभी हमारा मूल्यांकन गलत हो जाता है, जैसे आपका मूल्यांकन करकरे के लिए गलत हो गया और आपने महाराष्ट्र बंद का आह्वान कर दिया। दो दिन बाद पता चला कि आपके ही नेता एक करोड़ रुपए देने पहुंच गए। उसी तरह से हो सकता है कि हमारा भी मूल्यांकन श्री एम.सी. शर्मा के लिए गलत हो गया हो ...**(व्यवधान)**... I

महोदय, मैं कहना चाहता हूँ कि "वो जख्म मुझे याद आने लगे हैं, जिन्हें हमें भुलाने में जमाने लगे हैं", इसलिए आप स्यालकोट को याद मत कीजिए, अब आप हिन्दुस्तान को याद कीजिए और हिन्दुस्तान की हिन्दुस्तानीयत को याद कीजिए। जब हम राजनीति की बात कर रहे हैं, तो जब श्री कपिल सिब्बल और कांग्रेस के तमाम नेताओं ने judicial probe की मांग की, चूंकि उस समय चुनाव चल रहा था, कांग्रेस सरकार के ऊपर बड़ा दबाव आया, श्रीमती सोनिया गांधी के ऊपर दबाव आया, प्रधान मंत्री डा. मनमोहन सिंह के

ऊपर दबाव आया, लेकिन उन्होंने judicial probe की मांग को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि हम अपनी पुलिस फोर्स को demoralise नहीं होने देंगे, जिन्होंने यह काम किया है, हम उनका समर्थन देंगे। यदि judicial probe का आदेश दे दिया जाता तो वह populist तो अगर यू.पी.ए. की सरकार, कांग्रेस की सरकार अगर पॉपुलिस्ट और वोट बैंक की राजनीति करती, उस समय आतंकवाद का पोस्टर बनाकर, आतंकवाद का इंधन जलाकर, पूरी की पूरी राजनीति और विज्ञापन ... जब ऑपरेशन पूरा नहीं हुआ था, जब ऑपरेशन चल रहा था, तो ऑपरेशन के चलते हुए, गोलियों की तड़तड़ाहट के बीच बड़े-बड़े विज्ञापन ....क्षमा कीजिएगा, विनय के साथ कहता हूं, आपकी तरफ से निकाले गए और आतंकवाद को परोसकर मतदाताओं को देने की आपकी राजनीति उसको नकार दी गई। मान्यवर, यह कोई राजनीति नहीं है। मैं आपको बिल्कुल embarrass नहीं करूंगा। मैं फिरकापरस्ती और संप्रदायवाद में जुड़ने से अच्छा मर जाना समझूंगा।

"रोशनी के लिए घर जलाना पड़ा,
कैसी ज़ुल्मत बढ़ी, तेरे जाने के बाद।
दुश्मनों से पशेमान होना पड़ा,
दोस्तों का खुलूस आजमाने के बाद..."

कुछ माननीय सदस्य: क्या बात है ! बहुत खूब !

श्री अमर सिंह: इसलिए मैं यह कहने आया हूं... मैंने ज़रूर यह बात कही है - कपिल सिब्बल जी की बात कि यह पोटा नहीं है और पोटा में गृह मंत्री जी ने मुख्यतः हमें जो विस्तार से बताया था कि पुलिस अधिकारियों के समक्ष दिया गया जो बयान है, वह admissible नहीं होगा और जो हमारे अन्य संशय थे, उनको स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा था कि इन सारे संशयों पर ध्यान दिया जाएगा।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि आज की परिस्थिति में मानव अधिकार से ज़रूरी है, मानव के जीवन की रक्षा। मानव अधिकार तब रहेगा, जब मानव रहेगा। संसद भवन बचेगा, संसद सदस्य बचेंगे, तो फिर संसदीय प्रणाली और राजनीति बचेगी। आज के दिन जो विषम परिस्थिति है, इस विषम परिस्थिति में संसद पर हमला हो चुका है, हमारा भाग्य अच्छा था कि हम बच गए ! आज के दिन देश पर हमला हो चुका है, दस आतंकवादी आए हैं और वे हमला कर चुके हैं। रहा सवाल यह कि पोटा से जान बचेगी, तो मैं यह पूछना चाहता हूं - मौलाना मसूद अजहर के समय पोटा भी था, जेल के अंदर भी थे, वर्तमान सरकार ने दो सौ लोगों की कुर्बानी दे दी, लेकिन किसी को अफगानिस्तान ले जाकर, सजा-धजा कर दुश्मन को पेश नहीं किया ! सबसे बड़ी बात तो यह है कि "My country, my life" एक पुस्तक भारतीय जनता पार्टी के प्रतिपक्ष के नेता ने लिखी है, नाम नहीं ले रहा हूं क्योंकि वे सदन के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने बहुत अनुग्रह के साथ वह किताब मुळो सप्रेम भेंट की। उस किताब को मैं पढ़ रहा था। उस किताब में वे लिखते हैं कि यह पूरी घटना जो हुई है, वे गृह मंत्री थे, उसकी जानकारी उनको नहीं थी, और इसी सदन के नेता हैं — जसवन्त सिंह जी, उनसे बात करो, तो वे कहते हैं कि क्या यह संभव है कि बिना गृह मंत्री की जानकारी के एक आतंकवादी चला जाए? तो लाल किले पर हमला कब हुआ? अक्षरधाम पर हमला कब हुआ? संसद पर हमला कब हुआ? और मौलाना मसूद अजहर जो कि जैशे मोहम्मद और लश्करे तैयबा का पितामह, प्रपितामह है, जिसके नेतृत्व में सारी यह जखीरे की जखीरे बंदी हो रही है, उसको किसने छोड़ा?

उपसभापति महोदय, अब आज हम या तो अपने इतिहास को देखें, इतिहास के प्रतिबिम्ब को देखें, या हम वर्तमान में जीवित रहें — यह आतंकवाद एक ऐसा दानव है, ऐसा दशानन है — रावण की तरह इसके दस सिर हैं। एक सिर काटो तो दूसरा, दूसरा काटो तो तीसरा, तीसरा काटो तो चौथा पैदा हो जाता है। *..(समय की घंटी)...* इसलिए मैं अनुरोध करता हूं कि आतंकवाद के प्रश्न और इन दो कानूनों के प्रश्न पर हो सकता है कि यह Federal law है, इससे राज्य के अधिकारों में कुछ कटौती हो ! हो सकता है कि मानव अधिकारों में भी कुछ संकुचित दृष्टिकोण अपनाना पड़े ! हो सकता है कि हमें कुछ समझौते करने पड़ें!

सब समझौते हमें करने पड़ेंगे, क्योंकि राजनीतिक दल और राजनीतिक नेता के रूप में, जनता के बीच में हमारी विश्वसनीयता बिलकुल खत्म हो चुकी है और इस विश्वसनीयता को पाने के लिए, हमें कुछ खोने के लिए तैयार रहना पड़ेगा, अपनी दृष्टि को बदलना पड़ेगा। इसलिए हम सब यह संकल्प लें कि हम "मैं-मैं" नहीं करेंगे। आप "मैं" करेंगे, मैं "मैं" करूंगा, ये "मैं" करेंगे, हमारे पीछे एक साथी आ गए हैं, बहुत बाहुबली हैं, उनसे मुझे बहुत डर लगता है, मैं आपका संरक्षण चाहता हूं, तो वह "मैं-मैं" होगी चारों ओर! इसलिए इस "मैं-मैं" से अच्छा है कि हम "हम" की राजनीति करें – "ह" से हिंदू और "म" से मुसलमान। जब तक हिंदू और मुसलमान मिलकर कौमी एकता नहीं बनाएंगे और हम वोट बैंक की राजनीति नहीं, हिंदुस्तान की राजनीति नहीं करेंगे, जब तक हम आतंकवाद के हमले को पाकिस्तान का हमला हिंदुस्तान के ऊपर नहीं मानेंगे, जब तक हम इसे इस्लाम का हमला हिंदुत्व पर करके अपनी राजनीति की और सियासत की रोटी सेंकेंगे, समाज और देश को टुकड़े-टुकड़े में बांटेंगे, तो आप कितना भी कानून बना लें, पोटा बना लें, मकोका बना लें और कोई भी आमूल-चूल परिवर्तन कर लें, क्रांति ले आएं, आतंकवाद के दानव से, इस रावण से हम निपट नहीं सकते। ये दस लोग मर गए हैं, लेकिन इन दस का कोई न कोई पर्याय, कहीं न कहीं फिर ज़िंदा हो गया है। और वह देख रहा है कि अरुण जेटली क्या कह रहे हैं, कपिल सिब्बल क्या कह रहे हैं, अमर सिंह क्या कह रहे हैं। अरुण जेटली को अमर सिंह से बात करने में embarrassment है, अमर सिंह को अरुण जेटली से बात करने में लज्जा आती है कि हम मर जाना बेहतर समझेंगे। अगर हिन्दुस्तान की यही बंटी हुई तस्वीर है तो हम आतंकवाद से नहीं लड़ सकते। आतंकवाद से लड़ने के लिए हम सब लोगों को – "वसुधैव कुटुम्बकम" – जो हमारी विरासत है, जो हमारा सिद्धांत है, जो हमारी आत्मा का मूल है, उस पर मिल-जुलकर, एक होकर आतंकवाद से लड़ना चाहिए। इसके लिए मैं आदरणीय आडवाणी जी को साधुवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने हमारे दोस्त अरुण जेटली के आचरण और पद्धति के प्रतिकूल ऐसा भाषण दिया जो प्रतिस्पर्धा का भाषण नहीं था, जो एक बड़े नेता का वक्तव्य था, जिसने इस बात के लिए बाध्य किया कि श्री प्रणब मुखर्जी, डा0 मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी जी उनको जाकर बधाई दें। मुझे उम्मीद थी कि अरुण जेटली जी भी कुछ ऐसा ही आचरण करेंगे, लेकिन वे वकील हैं, उन्होंने आज संसद के इस गरिमामय भवन पर और इस स्थान पर एक बहुत अच्छे, तार्किक और बड़े वकील के रूप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें श्रेय भी मिलना चाहिए। अंत में मैं यही कहूंगा कि उन्हें आतंकवाद से निपटने का एकमात्र मुखिया और सूत्रधार आप मान लीजिए। अगर इससे आतंकवाद रुकता है तो वह रुकना चाहिए। धन्यवाद।

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, the hon. Member, Shri Amar Singh, has mentioned my name in respect of a particular incident in the Batala House. He said that I had made a public statement. I just want to put the record straight that I went there; I saw what had happened; reported it back to my leaders. But I never made any statement in the Press at any point of time since then. Anything attributed to me in respect of any statement that I made is completely wrong because I have never made such a Statement.

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, the amendments that we have submitted have not been circulated. Let these amendments be circulated.

श्री उपसभापति: सरकुलेट हो गया है।

श्री सीताराम येचुरी: यहां पर कहीं नहीं आया।

श्री ब्रजेश पाठक (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद उपसभापति महोदय, आज देश के अंदर आतंकवाद को रोकने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी के गठन के लिए जो विधेयक लाया गया है, बहुजन समाज पार्टी की तरफ से हम

उसका समर्थन करने के लिए खड़े हुए हैं। हमारे सीनियर मैंबर्स काफी देर से बहस कर रहे थे और मैं बहुत गौर से सुन रहा था। मुळो ऐसा महसूस हो रहा था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई न होकर सदन के अंदर एक-दूसरे के दलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा रही है। सदन के अंदर किसी सीनियर मैंबर ने अगर कोई बात कही, पोटा के संबंध में या किसी पिछले कानून के संबंध में, तो हमारी समळा में — पहले तो सदन के बाहर जितने भी लोग टीवी पर या पत्रकारों को भाषण देते हैं कि पहले हमें देश में प्रतिबद्धता और एकजुटता दिखानी चाहिए — लेकिन इधर हम शर्मसार हुए। मैं जूनियर मैंबर हूं और नौजवान हूं। हम सभी लोगों से केवल यही अपील करना चाहते हैं कि पीछे जितने लोग देश में आप सबको और हम सबको देख रहे हैं, वे सब चाहते हैं कि देश के माननीय सांसदगण पहले आतंकवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करें कि उसे दूर करना है और आपसी लड़ाई दूर कर दें क्योंकि आतंकवाद का मुद्दा जहां आता है, कोई भी कानून बने, उसका समर्थन करने के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए, खड़े रहना चाहिए। कोई भी कानून कितना भी कड़ा बना लिया जाए लेकिन आतंकवाद को रोकने के लिए पहले हमें दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित करना पड़ेगा। कड़े कानून बनाए जाने से कभी भी आतंकवाद रुकने वाला नहीं है क्योंकि विदेशी धरती से जो आतंकवाद पनपा है, वे मानते हैं कि उनको जान देकर भी इधर टेररिज्म फैलाना है। हमें पहले अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति को मज़बूत करना पड़ेगा और यह तय करना पड़ेगा कि हमें वोट बैंक का ध्यान कतई नहीं रखना है, देश के आगे सारे मुद्दे गौण हो जाएंगे, बौने हो जाएंगे, हमें पहले आतंकवाद को जड़ से मिटाना पड़ेगा। पिछली सरकार एनडीए की सरकार थी, उसका भी ढुलमुल रवैया रहा। उसने भी आतंकवाद के प्रति अपने कड़े रुख को कभी प्रदर्शित नहीं किया, जिससे आतंकवादियों के हौंसले लगातार बढ़ते रहे। वर्तमान में यूपीए की सरकार है। मुम्बई में जब आतंकवादियों ने हमला किया, टेलीविज़न चैनल्स पर कुछ घंटे तो यही आता रहा कि दो गुटों में फायरिंग हो रही है। खुफिया एजेंसियों ने भी जानकारी दी, मछुआरों ने भी जानकारी दी लेकिन हम इतनी बड़ी घटना को रोकने में नाकाम रहे क्योंकि हमारे अंदर इच्छाशक्ति की कमी थी। हमारी अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं सुरक्षित नहीं रह गई हैं। जितने भी विदेशी आतंकवादी आते हैं, वे किसी न किसी अंतर्राष्ट्रीय सीमा से ही आते हैं। उन सीमाओं को हमें सुदृढ़ करने के बारे में सख्ती से निर्णय लेना पड़ेगा और हमारे खुफिया तंत्र को भी मजबूत करना पड़ेगा। जब खुफिया सूचनाएं हमें पर्याप्त समय पर मिल पाएंगी, तो हम ऐसे लोगों को वहीं पर खदेड़ने का काम करेंगे, आतंकवादियों को उनकी धरती पर ही मिटाने का काम कर सकेंगे। हमें आधुनिक उपकरण भी देने पड़ेंगे, हथियार भी देने पड़ेंगे, तभी हम उनसे लड़ पाएंगे। साजो-सामान के बगैर भी हम लड़ नहीं सकते। यह जो कानून हम लाए हैं, संसद में पास करने के बाद जो कानून का रूप लेगा, इसमें स्पष्ट करना पड़ेगा कि यह जांच एजेंसी, क्या सूचनाएं एकत्रित करने का भी काम करेगी या केवल घटना घटने के बाद ही अपना काम करेगी, इसको भी हमें स्पष्ट करना चाहिए। इसके अंदर दूसरा सबसे बड़ा पहलू यह है कि अगर किसी राज्य सरकार के साथ किस तरीके से इसका समन्वय किया जाएगा, उसका भी इसमें स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। अगर अपने देश के कोई व्यक्ति का विदेशी आतंकवादी से संबंध जगजाहिर हो जाता है और खुफिया एजेंसी मान लेती है कि यह शख्स विदेशी आतंकवादी से जुड़ा हुआ है, तो उसके खिलाफ कैसे कार्रवाई की जाएगी तथा हम राज्य सरकार को सूचना देंगे या नहीं देंगे, उसका भी इसमें स्पष्टीकरण करना समीचीन होगा। दूसरा, सबसे इंपोर्टेंट विषय यह है कि हम जिनको इनकी जिम्मेदारी देने जा रहे हैं उनको हमें आर्थिक सहूलियतें भी देनी पड़ेंगी, जिसको इस टीम में लगाने जा रहे हैं, इनको मजबूत करना पड़ेगा और देखना पड़ेगा कि उनकी आर्थिक स्थिति हम किस तरीके से मजबूत कर सकते हैं, जिससे वे स्वतंत्र होकर, निष्पक्ष होकर अपना काम कर सकें। जिस तरीके से उत्तर प्रदेश के अंदर हमारी बहन कु0 मायावती जी ने एस0टी0एफ0 तथा ए0टी0एस0 का गठन करते हुए उनको 30 परसेंट अधिक वेतन देने का निर्णय लिया है, जब तक हम उनको अधिक सुविधाएं नहीं देंगे, अधिक साजो-सामान नहीं दे पाएंगे, वे स्वतंत्र रूप से ठीक ढंग से काम नहीं कर पाएंगे। इन्ही सब बातों के साथ इस बिल का मैं समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIAL POLICY AND PROMOTION, MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI ASHWANI KUMAR): Mr, Deputy Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity to intervene in this debate which, I believe, is critical for more reasons than one. Sir, I am mindful of the fact that this debate is taking place in the wake of unprecedented onslaught on the integrity of the Indian State. This debate is taking place in view of the national resolve to present a united country in our fight against terror. It is for this reason that I would seek to make my comments in a manner that unites this House, to take on the challenge of terror, rather than to indulge in any divisive polemics. We are not here today to make points against each another, nor is the people's court a court of law where the debate should regress or recede into legalese. This is a debate which the nation is watching, watching us deliver on the promise of a unified resolve against the terrorist onslaught on the conscience of this country. With this caveat, I rise not only to support the Bill but also to thank the entire Opposition for supporting the measure in principle. I know that there are large areas of agony, both as to the content of the Bill as well as the intention behind it. Here, I would say, Sir, the glory of this nation, as a united country, had been brought forth in this debate in the Lok Sabha, and I would hasten to add that we expect the same unity of purpose in the Upper House. I never knew in 1977, when I wrote my doctoral dissertation on 'Legal Control of International Terrorism that some day as lawmaker in this House, I would need to take part in this debate. But, I am indeed fortunate to be able to include in my comments some of the lessons that I learnt at that time, in my study of terrorism, as a student, and some of the lessons that I learnt, as a public man coming from Punjab, which had witnessed terrorism for long years. Sir, my first lesson that I learnt as a student in the study of terrorism was that the terrorist is outside the system of law. He is outside the system or establishment that he seeks to demolish through acts of terror, and, therefore, he owes no apology to any law. No law in the world can prevent terrorism. This legislation that has been brought before us, Sir, the two Bills, are punitive in nature, they are not preventive in nature. The sole purpose of these two Bills is to ensure that after the terrorist act is committed, a resolute nation with a devoted investigative and prosecutorial agency will bring to justice those who have perpetrated crimes against mankind. The second lesson, Sir, that I learnt as a public man from Punjab was that oppressive laws or stringent laws which are oppressively implemented can never eliminate terrorism. They only give rise to terrorism. Mr. Jaitley, in his comments stated that some amount of alienation of the local populace is inevitable, when you apply strong laws. I dispute that contention. The moment you start from the premise that you are permitted to alienate a populace or a section of people in your quest to apply stringent laws, howsoever unfairly, you lose the battle against terrorism.

6.00 P.M.

[THE VICE-CHAIRMAN, (PROF. P.J. KURIEN) in the Chair]

Terrorism has always been a function of perception that injustice has been caused or that justice is not being rendered. And, as long as that perception holds the field, as long as a significant number of people feel that terrorism is sought to be fought through State terrorism, we will only lose the battle against terror, and it is for this reason, Mr. Vice-Chairman, Sir, that our version of the Bill takes care of the Constitutional conscience of the country, it takes care of the sensivities of the Republic, as far as human rights are concerned, as far as our irrevocable commitment to protecting the dignity and rights of innocent citizens is concerned, that we have introduced in the Bills some provisions that will ensure that certain stringent provisions which are necessary in view of the fact that we are seeking to remedy an extraordinary mischief, that is a war against the nation, are not abused or indeed the abuse is minimised.

Sir, there is a third lesson that I learnt and that is a lesson I learnt as a lawyer that the fact that a particular provision of the law can be abused or misused can never be an argument to deny its utility or necessity. There is yet to be a law, civil or criminal, which has not been abused or misused sometime or the other. No amount of human ingenuity can anticipate all situations that the law seeks to address. It is a trite saying in law which we often use that life is larger than law. At the end of the day, no law can ever be a guarantee of total peace, of total fairness, of total justice. As somebody has said, 'aspiration of a perfect law is seeking a legal utopia, which is an impossibility'. Therefore, what is it that we must aim, Sir? And it is on that touchstone that I would commend this House to measure the utility or the constitutionality or the legality or the purposiveness of these two Bills. The law must be certain; it must not be ambiguous; it should not be retroactive and it should not shift the presumption of innocence from the accused.

These are the four pillars of criminal jurisprudence in this country which have been hallowed and sanctified over as many years as I can recall. On all these four basic grounds, both the Bills, in my respectful submission satisfy the test of reasonableness, of fairness, of constitutionality and of effectiveness. For any law to serve its purpose, it need not be oppressive, but it must be effective. That is why we say, give teeth to the law; that is why we say, bring in meaningful legislation in view of the end purposes that the law seeks to serve, or that we want the law to sub-serve.

What is the end purpose that we want our law to sub-serve? The end purpose is, terrorism, sponsored from across the border, acts of international terrorism that are creeping into our borders need to be fought, need to be checked and once they are committed, unfortunately — God forbid—if they are committed, the perpetrators of those acts have to be brought to justice; justice not by the lamp-post, justice according to law; because, rule of the law is what distinguishes a civilised nation, a civilised society, a civilised people from those we seek to fight.

Sir, it is very easy to fall into the prey, as was suggested by my friend on the other side, that a confessional statement to a police officer should be used. We all know how these statements are recorded; we all know that nine out of ten times, or at least eight out of ten times, it is the innocent people against whom these terrorists are used. So, let us not go in for or plead for a knee-jerk reaction. It is time for reflection, it is time for deliberation, it is time for resolve, it is time for sensitivity, and it is time for a united nation to speak in one voice. It is true that the people of this country are watching this on the television and will read tomorrow in the press. They will pass harsh judgment on us, Sir, if we fail to deliver now. If we fail to pass the muster at least on the issue of terror, this nation will not forgive us. The biggest glory of this country is that the representatives of the people, who adorn the chairs in this House, who are the pride of this nation, are expected to show unity—and I am sure, I am proud that so far they have shown a united determination in fighting terror. There could be a difference in perspective, there could be a difference in emphasis. It is only to be expected.

Some of the points made by my colleagues on the other side are well taken. I for one have always felt that it is better to read into the law certain safeguards than to invent them later on. But, having said that, Sir, as a lawyer I can tell you, it is also true that every Bill that we pass, every legislation that is put on the Statute Book, is nothing more than the skeleton of the law. This skeleton is eventually clothed and roped by adjudication by courts. And, the courts make sure that constitutional safeguards, principles of natural justice that ensures substantive justice, the procedural due process requirements, are in fact read into the law we make. There is, ultimately, a power of judicial review with the superior courts. Even this law can be struck down if it fails to pass the test of judicial scrutiny. So, I would hasten to add, Sir, that all legislative provisions that we have made, and I would refer to only two or three which are intended to make the law effective, are provisions of 43(a), which talk about power of arrest and detention in the Unlawful Activities Prevention Act, 43(d) that talk of stringent bail provisions, 43(e) that talk of presumption of guilt. I would like to make a point here, Sir. It is a cardinal rule of jurisprudence that a person is presumed to be innocent until proved to be guilty. I do not think that that has been reversed. All it says is that if a person is found with a weapon of destruction in his possession, the onus would shift temporarily, for that limited purpose, upon him to prove that that cannot lead to an inference of guilt against him. In criminal jurisprudence, the onus of proving the guilt of the accused is invariably, and always, on the prosecution. That principle has not been negatived in this Bill.

So, I would like to add that there is no reason for apprehension on that score. It is a case of like stolen goods, if stolen goods are found in somebody's possession, it is for him to prove or establish how these goods came into his or her possession in the first place. Therefore, Sir, this law does nothing more than that and does not, I repeat, does not tinker with the cardinal rule of

jurisprudence which is an elementary rule and rightly so placed since Macalay's time. Sir, the second point that was made was about bail provisions. Now, we had made the provisions stricter. We have said you will not get bail until the Public Prosecutor is put on notice because sometimes through misrepresentation or half-baked representation you can get the adjudicatory authority to release you on bail and when it comes to apprehending a terrorist, you have to have double caution, you cannot let a terrorist go on a legal nicety only to go and commit another terrorist strike. So, on all force I hasten to submit this law passes the test of constitutionality. Sir, I would like to make two more points and then I am done. Sir, as far as the integral and internal morality of this law is concerned, nobody has any doubt, not in this House, not in the Lok Sabha and not in the country. We all know that we require an action in response not only to Mumbai but an action in response to international terrorism, which has now been identified as one of seven gravest challenges for the civilised order in the 21st Century. It is for that reason that the UN Security Resolution mandated countries to support that international endeavour through domestic legislation. Sir, let me divert for one minute, till eighties, nineties, the debate in the United Nations always used to be divided between two points of view. One point of view said, might your terrorists may be my freedom fighters, I am not prepared to accept your measures and your yardsticks on him and the other side would say that an amount, or no end or no purpose can justify killing of terrorist people. Then the reply would come, for example, that in Israel, they are no innocent tourists, anyone who goes to Israel must suffer the fate, that used to be argument. Fortunately, for us today, Sir, after 9/11 that debate has changed. The idiom of discourse on terrorism has undergone a paradigm shift. It is now an accepted truth and accepted reality, and received truth that no end can justify terror. Therefore, Sir, today having being victims of terror across the border, from all kinds of places, we as a nation have resolved that we will not fail our country, that we will not regress in any lethargy, that there would be no laxity found, and this is just one of the responses because as I stated in my opening, terrorism, I agree, as Mr. Sitram Yechury said, cannot be fought by law alone because terrorist by definition is outside of the law, a Fidayeen or Jehadi has no apology to any of the law. He comes prepared to die for his cause because his cause renders him in *Jannat* and it is supreme for him. Therefore, this is only the first step in the direction we must travel and that is the long road ahead. We will not be able to travel that long road ahead if in the very least, in the very minimum, all shades of opinion do not agree in one fundamental truth that terror sees no religion, it sees no colour and it sees no country, it a law unto itself and that is why I say, Sir, in response to a charge that sometimes these laws are used against a particular community. I hasten to doubt that statement. I negate that statement. The law on terror sees neither religion nor colour nor nationality, it only sees the victim, and it only sees the culprit. It is the duty of the law to bring to justice the perpetrators of this crime; it is the duty of the law to safeguard the interests of the

innocent citizens. On all these points, Sir, this Bill passes muster. Sir, the National Investigative Agency Bill is equally important. It is important because we know that terrorism has transgressed and transcended boundaries. It is not confined to geographical boundaries. Within a federal country like ours, with unitary bias, with so many States and links of terror being located in more than one state, you need an over-arching central agency that can on demand seek the assistance of the State security apparatus, yet, have its own over-arching umbrella organisation which owes no apology to any help coming from somewhere or not coming from somewhere. Of course, I have reason to believe that if the central agency were to ask assistance from the State Government that shall be forthcoming. Every State Government, people of this country as a whole are nationalist people. They would never unfairly deny that assistance. Therefore, Mr. Yechury needn't be worried that this would be an onslaught on the rights of the State. As far as the use of the word 'may' is concerned, he said, that 'well, it only makes it discretionary upon the Central Agency to ask for assistance and is not mandatory.' Well, we have known 'may' to have been interpreted and read as 'shall' and vice versa. But, without getting into the legalities let me just say that whenever assistance will be required from the State Governments, I know it shall be forthcoming and suppose assistance was sought to check a terrorist crime and for some A, B, or C reason, hypothetically speaking, a State Government was unwilling to give that assistance, do we tell this House, do we tell India that we are impotent in that situation? No, that is the reason Sir, this investigative agency, this Bill that seeks to establish for the first time an agency of this kind, meant to be effective, meant to send out a signal is necessary, and, I think, is a great and a progressive moment forward. Sir, in conclusion let me just say this: Nations survive Governments and civilisations survive nations. We speak today not for one party, not for the Opposition, certainly not for the ruling party only, but we speak for our country. We speak for our civilisation, we speak for a way of life, a life that teaches us to respect every religion, to fight every kind of oppression, to protect the innocent and the weak and the only agency that man has created to protect the weak and innocent is the agency of the law and it is for that purpose that both these Bills very finely sub-serve. I thank you for all the attention that was given to me.

श्री शिवानन्द तिवारी (बिहार): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, शुक्रिया। यह कम से कम मेरा सौभाग्य है कि इस बिल पर मुझे चार नामी वकीलों का भाषण सुनने का मौका मिला। श्री अरुण जेटली जी का वकालत के क्षेत्र में नाम है, श्री कपिल सिब्बल साहब का भी नाम है, डॉ. सिंघवी साहब का भी नाम है और अभी हम लोगों ने श्री अश्विनी कुमार जी का भाषण सुना, जिससे हम लोगों का काफी ज्ञानवर्द्धन हुआ।

यह जो बिल पेश किया गया है, उस पर अभी कपिल सिब्बल साहब बोल रहे थे कि इस पर किसी तरह की आलोचना नहीं होनी चाहिए। यह ठीक है कि इस बिल के साथ हमारा समर्थन है, लेकिन जहां हम कमजोरी देखते हैं अथवा जहां भी कमी देखते हैं, उसके बारे में इशारा करना तो हमारा दायित्व है। जहां आप फेल कर गए हैं, अगर उन कमजोरियों की ओर हम इशारा करते हैं, तो ऐसे में हम आपकी मदद ही करते हैं। जैसे हम आपसे यह जानना चाहेंगे कि यह जो बिल आज आया है, यह आज ही क्यों आया है? यह मुम्बई कांड

के बाद ही क्यों आया है, पहले क्यों नहीं आया? क्योंकि जब-जब मुल्क़ में आतंकवादी घटनाएँ हुई हैं, चाहे दिल्ली में हुई हो, जयपुर में हुई हो या हैदराबाद में हुई, सरकार की ओर से, गृह मंत्री जी की ओर से हमेशा यह बयान दिया गया कि हमारे यहां पर फैडरल जांच एजेंसी नहीं है। राज्य सरकारों पर आरोप मढ़ा गया कि राज्य सरकारें इसके लिए तैयार नहीं हो रही हैं, इसीलिए हम फैडरल जांच एजेंसी नहीं बना पा रहे हैं और फैडरल जांच एजेंसी नहीं बन रही है, इसकी वजह से ही यह सरकार ठीक ढंग से, मज़बूती के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ रही है।

मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि आज आप जो नैशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी का बिल लाए हैं, इसके लिए भी आपने राज्य सरकारों से सलाह नहीं ली है। हम कल हमारे बिहार के मुख्य मंत्री का इंटरव्यू एक टेलिविज़न चैनल पर सुन रहे थे, उन्होंने कहा कि इसके बारे में हम लोगों से पूछा नहीं गया है, हम लोगों को कॉन्फिडेंस में नहीं लिया गया है। संविधान के जिस प्रावधान के तहत डिफेंस ऑफ इंडिया के नाम पर आज आप यह जो नैशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी का प्रस्ताव लेकर आए हैं, यह आप पहले क्यों नहीं लाए? उस समय भी इसकी जरूरत थी। यह तो आप पर एक दोष लगेगा कि आप इंतजार करते रहे कि मुम्बई जैसी घटना हो। उसके बाद जब पूरे देश में इस के खिलाफ गुस्सा पैदा हुआ तो उसके दबाव में आप यह बिल लेकर आए हैं। ठीक है, लेकर आए हैं तो देर आए दुरुस्त आए। हम इसका समर्थन करते हैं। लेकिन, एक बात मेरे दिमाग में आती है। मुम्बई की घटना हुई तो हमारे गृह मंत्री बदल गये, उनको हटा दिया गया। यह जो मंत्रिमंडल है, इसकी आयु कितने दिन की है? अधिक-से-अधिक प्रधान मंत्री या मुख्य मंत्री का विश्वास हासिल रहता है तो एक आदमी 5 वर्षों तक एक विभाग का मंत्री रहता है, लेकिन उस विभाग को चलाने वाले जो स्थायी लोग हैं, जो प्रोफेशनल लोग हैं- होम मिनिस्टर को आपने बदल दिया, लेकिन जो रॉ के प्रभार में हैं, जो आई0बी0 के प्रभार में हैं या जो इस तरह के दूसरे विभागों के प्रभार में हैं, उनके खिलाफ आपने क्या कार्रवाई की? क्या उनकी असफलता पर उनकी लेथार्जी को आप पुरस्कृत करना चाहते हैं, आप उसको संरक्षण देना चाहते हैं? इससे आपकी कमजोरी झलक रही है। जो पोलिटिकल बॉस है, जो डिपार्टमेंट का मिनिस्टर है, वह नीतियों के बारे में, सिद्धांतों के बारे में कोई निर्णय और फैसला लेता है, लेकिन उसके इम्प्लिमेंटेशन की जवाबदेही विभाग का जो तंत्र है, उस पर होती है। इस मामले में मुम्बई में 10 आतंकवादी आए। वे समुद्र के रास्ते आए। एक जहाज का अपहरण कर लिया। तीन दिनों तक लगा कि एक देश का दूसरे देश के साथ युद्ध हो रहा है। यह आपकी इंटेलिजेंस एजेंसी का फैल्योर नहीं है तो क्या है? अभी तक, आज के दिन तक, आपने किसी के भी खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। आप नेशनल सेक्योरिटी एडवाइजर बनाए हुए हैं। उस दिन शरद यादव जी बोल रहे थे कि यह नेशनल सेक्योरिटी एडवाइजर पद किस संविधान में है, आपने बनाया है, ऐसे निकम्मे आदमी को जिसके सामने पूरी दुनिया में यह देश बेइज्जत हुआ कि एक सौ करोड़ से ऊपर की आबादी वाला यह देश कैसा देश है कि 10 आदमी इस देश में नुकसान पहुँचाने के लिए चले आये। वे लम्बी तैयारी के बाद चले आए। यह जो 10 आतंकवादी हमारे देश में आए, इनको ट्रेंड करने के लिए, इनको तैयार करने के लिए एक लम्बा समय लगा होगा। क्या कर रहा था रॉ कि उसको कोई जानकारी नहीं मिली? वे लोग यहाँ चले आए। मुम्बई के समुद्री मछुआरों के संघ ने लिख कर सरकार को दिया कि स्मगलिंग हो रही है, हथियारों की स्मगलिंग हो रही है, बारूद की स्मगलिंग हो रही है और कान में तेल डाल कर आप सोए हुए हैं, तो आप किस काम के लिए हैं, किस मर्ज की दवा हैं? हम पोलिटिकल आदमी हैं। हम ही लोग निशाना बनते हैं। मुम्बई में जो घटना हुई, उस घटना के बाद टेलिवीज़न चैनल्स ने पोलिटिकल लोगों के खिलाफ एक अभियान चलाया। हम उसी अभियान का परिणाम यह मानते हैं कि हमारे पुराने गृह मंत्री हटाए गए। लेकिन, कोई यह पूछने वाला नही है। जो लोग हमें गाली दे रहे थे, पोलिटिकल सिस्टम को और पोलिटिकल लोगों को गाली दे रहे थे, उनके मुँह से एक बार भी यह नहीं निकला कि इसमें इंटेलिजेंस फेल्योर है और इस फेल्योर के लिए जो जवाबदेह है उसको भी दंडित

किया जाना चाहिए। वह तो उस विभाग का स्थायी पदाधिकारी है। वह प्रोफेशनल है। उसे इसी काम के लिए ट्रेनिंग मिली है और इसी काम के लिए खजाने से पैसा खर्च किया जाता है। उस पर कोई कार्रवाई नहीं करने से, उपसभाध्यक्ष महोदय, इसका बहुत ही गलत संदेश जाएगा, खराब संदेश जाएगा कि आप असफलता को संरक्षण दे रहे हैं। जो अपनी ड्यूटी में फेल कर गए, उनको आप संरक्षित कर रहे हैं, यह मैसेज जाएगा और यह आपकी कमजोरी का परिचायक होगा। इसलिए मेरा अनुरोध होगा कि तत्काल इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

जब सीताराम येचुरी जी का भाषण हो रहा था, तो मैं उस भाषण को गौर से सुन रहा था। मेरा भी यह मानना है कि क्या इस कानून को बना देने से आप आतंकवाद पर काबू पा लीजिएगा? नहीं, यह मुमकिन नहीं है। किसी भी देश का समाज जब तक मजबूती के साथ देश के सामने जो चुनौती है उस पर एकजुट हो कर खड़ा नहीं होगा तब तक आप उसका मुकाबला नहीं कर सकते हैं। आज हमारे देश की क्या स्थिति है? मैं चिंतित हूँ कि हमारे देश का समाज आज जितना बिखरा हुआ है, जितना टूटा हुआ है, उतना शायद कभी नहीं था। शायद आजादी के समय जब देश का बँटवारा हो रहा था, उस समय हमारा समाज टूटा हुआ समाज था और उस टूटन के कारण देश का बँटवारा हुआ। आज लगभग वही स्थिति है। यहाँ पर जामिया में encounter हुआ...। बाटला हाउस में एनकाउंटर हुआ, हमारे बिहार के कुछ मुस्लिम संगठनों ने धरना दिया। उनका आरोप था कि एनकाउंटर के नाम पर हमारे समुदाय के नौजवानों की हत्या की गयी है। अब हम नहीं जानते हैं, हमको कोई जानकारी नहीं है, जो सरकार बताती है, जो मीडिया के द्वारा आता है उसी के जरिए हम जानते हैं, हो सकता है पुलिस एनकाउंटर सच हो। उसी तरह से अन्तुले साहब का जो बयान आया, उससे तो सरकार का उपहास ही उड़ा, सरकार का एक मंत्री इस तरह का बयान देता है, लेकिन मंत्री के साथ-साथ वह एक मुसलमान भी हैं। उन्होंने जो बयान दिया, मैंने यहां से निकलने के बाद तीन-चार माननीय सांसदों से, जो मुस्लिम समुदाय से आते हैं, उनसे पूछा कि यह जो अन्तुले साहब ने बयान दिया है क्या मुस्लिम समाज के अंदर भी यही फीलिंग है? उपसभाध्यक्ष महोदय, आपको आश्चर्य होगा कि उन सब लोगों ने, चाहे वे किसी दल के हों, सब लोगों ने कहा कि, हां यही फीलिंग है। हम यह नहीं कहने जा रहे हैं कि जो अन्तुले साहब कह रहे हैं वह सच है, हम यह मानकर चल रहे हैं कि जो सरकार कह रही है, वही सच है। लेकिन हम आपको यह बता रहे हैं कि यह जो अविश्वास है, यह जो भरोसा बिल्कुल टूट गया है, इस अविश्वास को लेकर आप आतंकवाद से मुकाबला कैसे कीजिएगा?

महोदय, हम जानना चाहते थे कि हमारे देश की बनावट क्या है? हमने 2001 की सेंसस रिपोर्ट देखी। इस देश की टोटल आबादी में हिंदू 82 करोड़ 80 लाख हैं। मुसलमान 13.4 परसेंट हैं, हिंदू 80.5 परसेंट हैं, मुसलमानों की आबादी 13 करोड़ 80 लाख है, ईसाई 2.3 परसेंट हैं और उनकी कुल आबादी 2 करोड़ 40 लाख है, सिख 1.9 परसेंट हैं और आबादी 1 करोड़ 90 लाख है। आप देख लीजिए 82 करोड़ 80 लाख इस देश में हिंदू बसते हैं और जो अकलियत है, जो मायनोरिटी है, जो अल्पसंख्यक है, उसकी आबादी 15- 16-17-18 करोड़ है। मेरा यह मानना है कि यह जो 18 करोड़ या 20 करोड़ आबादी की मायनोरिटी हमारे देश में है, उसके मन में इन 82 करोड़ लोगों के प्रति कोई आशंका पैदा होती है, कोई भय पैदा होता है तो यह 82 करोड़ लोगों की जवाबदेही है कि उसके मन से उस भय को निकालें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इधर काफी आतंकवाद की घटनाएं होने लगीं, उनमें मुस्लिम नौजवानों का नाम आने लगा और यह चर्चा होने लगी कि आतंकवाद में हमारे देश के नौजवान भी आतंकी बन रहे हैं, तो हमने जानने की कोशिश की कि आखिर यह हिंदू और मुसलमान के बीच जो अलगाव है, इस अलगाव के पीछे क्या कारण है? उपसभाध्यक्ष महोदय, एक अजीब चीज हमारी नजर में आयी कि मुस्लिम लीग जिसने पाकिस्तान की मांग का समर्थन किया, मुस्लिम लीग का बीसवां सम्मेलन कोलकाता में हो रहा था और महमूदाबाद के राजा उस समय मुस्लिम लीग के अध्यक्ष थे। उनका भाषण मैंने पढ़ा और मुझे लगता है कि सब को यह भाषण पढ़ना चाहिए। महोदय, मैं उस भाषण को कोट करना चाहता हूं, "मेरा विश्वास है कि कोई भी सच्चा हित, चाहे अल्पसंख्यक का हो या बहुसंख्यक का, ऐसा नहीं हो सकता है, जो देश हित से बाहर हो..."

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): सुनिए, आपकी पार्टी के 11 मिनट खत्म हो गए हैं। आप कंक्लूड कीजिए।

श्री शिवानन्द तिवारी: मैं 5 मिनट में कंक्लूड कर रहा हूं। "कोई भी सच्चा हित", चाहे अल्पसंख्यक का हो या बहुसंख्यक का, ऐसा नहीं हो सकता है, जो देश हित से बाहर हो। देश की कोई भी प्रगति जो किसी संप्रदाय के हितों की उपेक्षा करती है, प्रगति कहलाने लायक नहीं है। किसी भी संतुलित और समझदार भारतीय राजनीतिज्ञ के लिए ऐसे भारतीय प्रजातंत्र की अपेक्षा करना जिसमें संप्रदायवाद का पुट हो, असंभव है। किसी बहुसंख्यक समाज के लिए अल्पसंख्यकों को दबाकर रखना, क्योंकि उसके पास बहुसंख्या की ताकत है, समान नागरिकता का उल्लंघन है, जबकि समान नागरिकता ही प्रजातंत्र का मूल मंत्र है। अल्पसंख्यकों का भय व गलतफहमी अस्वाभाविक नहीं है और यह बहुसंख्यकों की जिम्मेदारी है कि वे भय और शक की उस भावना का उन्मूलन करें। यह जो मुस्लिम लीग का बीसवां सम्मेलन हुआ था, उस समय राजा मेहमूदाबाद उसके अध्यक्ष थे, यह उनका भाषण है। उनका यह भाषण पढ़ने के बाद हमको लगा कि जब मुस्लिम लीग के अध्यक्ष ने ऐसा भाषण दिया था, तो फिर देश का बटवारा कैसे हो गया? मुझे तो ऐसा लगता है कि अतीत का बोझ हम ढो रहे हैं। हमारे यहां समाज में कई तरह की गलतफहमियां हैं और वे गलतफहमियां महज इसलिए हैं कि हम अतीत का बोझ ढो रहे हैं। हमको ऐसा लगता है कि हमारे समाज में जो गलतफहमियां फैली हैं, उनको दूर करने के लिए जिस पोलिटिकल एक्शन की जरूरत है, ऐसा कोई पोलिटिकल एक्शन हमको दिखाई नहीं दे रहा है। उस तरफ से भी दिखाई नहीं दे रहा है। आप सत्ताधारी पार्टी के हैं, आपके हाथ में देश की बागडोर है, लेकिन यह जो फीयर है, यह जो गलतफहमी हैं, उनको दूर करने में आप सफल नहीं रहे हैं। मेजोरिटी के दिल में माइनोरिटीज के प्रति अगर कोई किसी तरह की गलतफहमी है, तो उसको दूर करने में आप सफल नहीं रहे हैं। आप इस बात को ध्यान दिए बगैर कुछ नहीं कर सकते।

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी. जे. कुरियन): अब आप समाप्त करें।

श्री शिवानन्द तिवारी: सर, शकील साहब को स्टेट मिनिस्टर बना दिया, उनको पता नहीं कि उनको कोई सेंसटिव विभाग मिला या नहीं और आप समझते हैं कि आप माइनोरिटीज का कांफीडेन्स हासिल कर लेंगे, ऐसा होना वाला नहीं है।

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी. जे. कुरियन): तिवारी साहब, समाप्त कीजिए।

श्री शिवानन्द तिवारी: इसी के साथ ये दोनों बिल जो यहां आए हैं, इनका मैं समर्थन करता हूँ। धन्यवाद।

DR. V. MAITREYAN: Sir, the UPA Government has placed before this august House two Bills today for consideration and debate. One is the Unlawful Activities Prevention (Amendment) Bill, 2008; and the other is the National Investigation Agency Bill, 2008. This has come after 23 incidents of terror attacks and 910 casualties. This is according to the Wikipedia. The numbers are likely to be more. Till 22 terror attacks happened, the UPA has been consistently maintaining that the existing laws are enough to tackle terrorism. Suddenly, after the 26th November attack, wisdom has dawned upon the Government to strengthen the laws. Now, it has taken a U-turn. यह क्या हुआ, कैसे हुआ, क्यों हुआ, कब हुआ? होम मिनिस्टर को पूछेंगे, तो वह बताएंगे, वह छोड़ो, यह न सोचो, यह न पूछो... Mr. Kapil Sibal said that we should send a message not only to the country, but also to the rest of the world that we are united in our fight against terrorism. 'Yes', we all want it. The country wants it. The country wanted it, the country wants it. We had been

wanting this for the last four-and-a-half years. But, Mr. Kapil Sibal, the hard reality is that you didn't fight against terrorism in the last four-and-a-half years at all. आप तो रणछोड़ दास थे। साढ़े चार साल में एक के बाद एक अटैक होते रहे और आप तमाशा देख रहे थे... Now, suddenly, wisdom has dawned on you. I am very sure, the real reason for the UPA Government to be pro-active in their approach towards terrorism is because of the public anger, outburst and outrage. Public is angry because of your inaction for the last four-and-a-half years. Public is outraged because of your inefficiency and ineptitude for the last four-and-a-half years. Now, you have suddenly realised that the public will not vote for you, and it will vote you out in the coming Lok Sabha elections if you continue to remain blind to the terror attack. It is this single factor that has forced the UPA Government to come out with these two Bills. Your initiative to bring these two Bills to tackle terrorism may be an electoral compulsion, but, as far as my party is concerned, my party General Secretary, and leader, Smt. Puratchi Thalaivi, is concerned, they have been very strong and consistent crusaders against terrorism. Ever since 1991, for the last two decades, she has been consistent in her approach towards terrorism, come what may. She has never, ever changed her stand or position with regard to her approach towards terrorism. It was she, who after coming to power in Tamil Nadu in 1991 got the terrorist organisation, LTTE, banned in the country. As long as she was in power, she had crushed terrorism ruthlessly, with an iron hand. In fact, I would like to draw the attention of the House to the speech delivered by Smt. Puratchi Thalaivi as the Chief Minister of Tamil Nadu during 'The Conference of Chief Ministers on Internal Security and Law and Order' held on 15.4.2005, after the UPA Government came to power. I quote, First and foremost, I would like to invite the attention of the hon. Prime Minister to the need for a firm and unambiguous stand against terrorism, extremism and all the forces that insidiously strive to tear us under our polity. The olive branch can be shown and kid glove treatment extended to extremists, Naxalites and even terrorists, only at our peril. They unfailingly use such opportunities to regroup and get the time, space and money to renew their violent struggle. It is always better to isolate the problem and eradicate it, instead of hoping against hope that there will be a change of heart. In the aftermath of September 11, 2001 terrorist violence, it would be foolhardy to lower our defence against the machinations of terrorists. We have to be one step ahead in our war against terrorism."

It is because of such firm conviction against terrorism shown by my leader Puratchi Thalaivi, that we support today any effort taken by any Government to strengthen the anti-terror laws. And we are here today to support the steps taken by this Government to strengthen the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 by the proposed amendments.

Now I come to the second Bill, The National Investigation Agency Bill, 2008. As a concept, the AIADMK is for and it supports the creation of an investigation agency at the National level to investigate and prosecute offence affecting the sovereignty, security and integrity of the country. I again draw the attention of the House to Madam's speech at the Chief Ministers' Conference in 2005. I quote, "I would like to draw the attention to the question of unified intelligence to ensure

better results. Given that terrorism has multifarious dimensions like money laundering, syndicated crime and drug cartel networks, apart from the links between terrorist groups of different origins, as, for example, the LTTE with the ULFA, it is important that the State police, the Intelligence Bureau, the Customs and the Internal Revenue Departments, the Narcotics Control Bureau and the Coast Guard, apart from the agencies handling external intelligence like the RAW, are all brought together under an institutionalized mechanism with an IT-driven database and information sharing protocol. At the State level, it should be under the Chief Minister of the State, and, at the level of the Government of India, under the Union Home Minister or the Cabinet Committee on Security."

Thus, it is clear that while we are firm in our conviction to tackle terrorism, we are equally firm in protecting the rights of the States. Whenever the Federal structure enshrined in the Constitution of India is stramped upon, my leader and my party are the first to raise our voice against it. The possibility of the Centre misusing its powers as regards the NIA to target unfriendly State Governments cannot be ruled out. I repeat again, the possibility of the Centre misusing its powers as regards the NIA to target unfriendly State Governments cannot be ruled out, just as the CBI had been misused so often to settle political scores.

Thus, Chapter III, section 6, sub-sections 5 and 6 give overriding power to the Central Government, reducing the role of the State Governments to nothing. Sub section 5 which enables the Central Government to *suo motu* direct the agency to investigate should be deleted. Accordingly sub-section 6 by which the State Government and any Police Officer of the State Government, investigating the offence, is prevented from investigation and forced to transmit the relevant documents and records to the Agency should also be deleted.

A close coordination, co-operation and intelligence-sharing between the State law enforcing authorities and the Central investigating agencies is very much essential to effectively combat terrorism. The above clauses, sub-sections 5 and 6, are very much against the spirit of this cooperation and co-ordination as it exhibits a big brother or oneupmanship attitude of the Centre.

The war against terrorism is formidable. The Centre and the States should join together with conviction and determination to stamp out terrorism. Thank you, Sir.

